News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-327
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**

सफलता पहले से की गयी तयारी पर निर्भर है, और बिना ऐसी तयारी के असफलता निश्चित है.

# बिहार सिटी चीफ



CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, रविवार, 02 मार्च 2025

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

### जानिए CM के बेटे निशांत के बारे में क्या कहा

## नीतीश फिर से मुख्यमंत्री बनेंगे, चिराग पासवान ने किया दावा

**पटना**, नीतीश कुमार एक बार फिर से बिहार के सीएम बनेंगे। यह दावा केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने शनिवार को किया। इस साल के अंत में बिहार विधानसभा का चुनाव होना है। चिराग ने दावा किया कि साल के अंत में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत के बाद जद (यू) अध्यक्ष नीतीश कुमार ''फिर से बिहार के मुख्यमंत्री बनेंगे। पासवान ने यहां संवाददाताओं से कहा कि वह कुमार के बेटे निशांत के राजनीति में आने का स्वागत करेंगे। उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव के इस दावे की आलोचना की कि उन्हें (निशांत को राजनीति में आने से) रोकने के लिए साजिश रची जा रही है।



**निशांत राजनीति में आते हैं तो स्वागत करूंगा**

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख पासवान ने कहा, ''यदि निशांत राजनीति में आना चाहते हैं तो मैं उनका स्वागत करूंगा। लेकिन यह उनका व्यक्तिगत फैसला होगा। जहां तक ??तेजस्वी यादव का सवाल है, उन्हें यह समझना चाहिए कि विधानसभा में विपक्ष का नेता होने के नाते उन्हें जिम्मेदारी के साथ बोलना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''यदि तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री के बेटे के खिलाफ साजिश का इतना यकीन है, तो उन्हें सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करने के बजाय नीतीश कुमार से मिलना चाहिए और जो भी जानकारी उनके पास है, उसे साझा करना चाहिए।''

**वे दूसरों पर एक उंगली उठाएंगे तो...**

हाजीपुर के सांसद ने 74 साल के हो चुके कुमार को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी दीं और कहा, ''राजग उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ने और जीतने के लिए उत्सुक है। चुनाव के बाद वह मुख्यमंत्री के रूप में वापस आएंगे।'' पासवान से यह भी पूछा गया कि यादव ने बिहार में 20 साल पुराने राजग शासन की तुलना ''एक पुरानी खटारा कार से की है जिसे बदलने की जरूरत है'' और राजद ने आरोप लगाया है कि राय में हाल में शामिल किए गए कुछ मंत्रियों का आपराधिक इतिहास रहा है। पासवान ने कहा, ''उन्हें याद रखना चाहिए कि यदि वे दूसरों पर एक उंगली उठाएंगे, तो खुद उनकी ओर तीन उंगलियां होंगी। यदि वे पिछले 20 सालों के बारे में बात करना शुरू करेंगे, तो लोगों को बिहार में उनके 15 साल के शासन को याद करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा, जब राय अराजकता के लिए कुख्यात हो गया था। और उन्हें कभी भी आपराधिक रिकॉर्ड के बारे में शिकायत नहीं करनी चाहिए। क्या उन्हें हाल ही में तलब नहीं किया गया है?''

उनका इशारा हाल में दिल्ली की एक अदालत द्वारा यादव के पिता एवं राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद, बड़े भाई तेज प्रताप यादव और बहन हेमा को जारी निर्देश की ओर था, जिसमें उन्हें नौकरी के बदले जमीन घोटाले के सिलसिले में पेश होने को कहा गया है। पासवान ने यह भी दावा किया कि राजद और उसकी पुरानी सहयोगी कांग्रेस के बीच चीजें सुचारू नहीं रहने वाली हैं, जो अब तक क्षेत्रीय पार्टी के सामने झुकती रही है। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस द्वारा हाल में बिहार के लिए नियुक्त प्रभारी ने इसके संकेत दे दिए हैं।'' बिहार के लिए कांग्रेस प्रभारी कृष्ण अल्लावरु ने पिछले कुछ सप्ताह में दो बार राय का दौरा किया है और संगठन में नयी जान फूंकने और गुटबाजी को समाप्त करने की प्रतिबद्धता जताई है।

### तेजस्वी की सरकार बनी तो नया बिहार बनाएंगे..

## लालू यादव ने आरजेडी कार्यकर्ताओं को एकजुट होने का मंत्र दिया

**छपरा**, अगर तेजस्वी के नेतृत्व में सरकार बनी तो नया बिहार बनाएंगे.. राजद अध्यक्ष लालू यादव ने यह बात छपरा के एकमा के राजद विधायक श्रीकांत यादव के आवास पर कही. यहां हुई एक बैठक में लालू यादव समेत महागठबंधन के कई नेता इसमें शामिल हुए. इसी क्रम बैठक को संबोधित करते हुए आरजेडी सुप्रीमो ने कहा कि हमने सारण के विकास के लिए बहुत किया है औ आगे भी करेंगे. उन्होंने कहा कि सारण के विकास के लिए उद्योग के रूप में रेल पहिया, रेल इंजन कारखाना, इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेज को स्थापित किया और अगर अब तेजस्वी की सरकार बनी तो नया बिहार बनाएंगे. इस दौरान लालू यादव ने श्रीकांत यादव को सरल स्वभाव का नेता बताया और लोगों से अपील की कि आगामी बिहार विधानसभा में उन्हें जीत दिलाएं.

बता दें कि बीमारी के बावजूद छपरा में लालू यादव के जनसंपर्क अभियान से कार्यकर्ताओं में भले ही जोश और उत्साह दिख रहा है, लेकिन हाल के दिनों के चुनाव अभियान को देखें तो छपरा में लालू का जादू नहीं चल सका है. लालू यादव अपनी बेटी रोहिणी आचार्य के चुनाव के छपरा में कैंप कर रहे थे, लेकिन इसके बावजूद रोहिणी चुनाव हार गईं. इसके पहले लालू यादव और राबड़ी देवी भी छपरा से चुनाव हार चुके हैं. यादवों के वोट के बदौलत छपरा से चुनाव जीते रहे लालू एक बार फिर यादव वोटरों को एकजुट करने में जुट गए हैं. यही कारण है कि एकमा से यादव जाति के विधायक श्रीकांत यादव के बुलावे पर लालू यादव एकमा पहुंचे जहां उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं को एकजुट करने के गुर सिखाए.

**आरजेडी विधायक ने क्या कहा**

लालू यादव मीडिया से बात करने से बचते रहे, लेकिन विधायक श्रीकांत यादव ने जरूर कहा कि छपरा से लालू यादव का स्नेह कभी कम नहीं हुआ. लालू यादव की बेटी रोहिणी यादव इस बार छपरा से सांसद के लिए चुनाव लड़ी थीं और बीजेपी के राजीव प्रताप रूडी को कड़ी टक्कर भी दी थी. लेकिन, मामूली अंतर से वह चुनाव हार गईं. इस अंतर को कम करने



के लिए लालू ने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करने की अपील की और कहा कि देश में मोदी का मैजिक खत्म हो गया है और जनता सच्चाई को समझ आ गई है. बता दें कि हाल ही में तेजस्वी भी छपरा के किसानों के बीच जनसंपर्क करते दिखाई दिए थे और अपने पिता का हवाला देकर लोगों से चुनाव में मदद की अपील भी की थी. यहां यह स्पष्ट है कि लालू यादव छपरा के विधानसभा चुनाव के केंद्र में रहेंगे.

**तेजस्वी की योजनाओं का गुणगान**

लालू यादव ने यहां बैठक में बिहार की कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाए और आपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी पर चिंता जताई. उन्होंने तेजस्वी यादव के प्रस्तावित माई बहन मान योजना के तहत 2500 प्रति माह सम्मान देने के वादे को दोहराया. वहीं 200 यूनिट बिजली फ्री देने, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन और विकलांग पेंशन में 400 से बढ़कर 1500 करने का के प्रस्ताव की बात को भी जनता के बीच कहा. घरेलू गैस सिलेंडर को ?400 दिए जाने की बात भी लालू यादव ने कही. उन्होंने तेजस्वी यादव के 17 महीने के सरकार का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि 4,50,000 की नौकरी इस दौरान दी गई. उन्होंने यह भी कहा कि नियोजित शिक्षकों को भी नियमित शिक्षक के रूप में दर्जा दिया गया.

**छपरा से लालू यादव का विशेष लगाव**

बता दें कि राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत छपरा से की थी. 1977 में, वह केवल 29 साल की उम्र में छपरा से लोकसभा के सदस्य चुने गए थे. यह उनकी पहली बड़ी राजनीतिक जीत थी और इससे उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली. इसके बाद, उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया और राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष बने. लालू यादव का छपरा से जुड़ाव उनके राजनीतिक करियर की शुरुआत और उनकी सफलता का प्रतीक है. यही कारण है कि लालू यादव का छपरा से गहरा लगाव है. अब जब बिहार विधानसभा का चुनाव की तैयारियां शुरू हो गईं हैं तो वह छपरा पहुंचे और राजद कार्यकर्ताओं से संवाद किया. इस बार चुनाव में लालू यादव कार्यकर्ताओं को एकजुट करने के लिए एक्टिव दिख रहे हैं. यही कारण है कि बीमार होने के बावजूद जब छपरा के एकमा विधायक श्रीकांत यादव ने बुलाया तो वह वहां पहुंच गए और कार्यकर्ताओं को एकजुट होने का मंत्र दिया.

### बिहार में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

## 2 IAS समेत 16 अधिकारियों का तबादला, 4 डिप्टी एसपी भी बदले गए

**पटना**, भारतीय प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों और बिहार प्रशासनिक सेवा के 16 पदाधिकारियों का तबादला कर दिया गया। बिहार राय विश्विद्यालय सेवा आयोग के सचिव निर्मल कुमार (2011 बैच) को स्थानांतरित करते हुए रोहतास के सासाराम नगर निगम का नगर आयुक्त बनाया गया है। वहीं, आपदा प्रबंधन विभाग की संयुक्त सचिव सहिला (2018 बैच) को स्थानांतरित करते हुए प्राथमिक शिक्षा का निदेशक बनाया गया है।

इसके साथ ही गृह विभाग ने चार पुलिस उपाधीक्षकों का तबादला कर दिया है। शनिवार की देर शाम विभाग द्वारा इसकी अधिसूचना जारी की गई। विशेष सुरक्षा दल के डीएसपी रहे कामाख्या नारायण सिंह को बिहार पुलिस मुख्यालय में डीएसपी, विधि-व्यवस्था शाखा की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, विशेष सुरक्षा दल के डीएसपी रहे मनोरंजन भारती को बीसैप-14, पटना का डीएसपी बनाया गया है। इनके अतिरिक्त पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे मो. आदिल बेलाल को बीसैप-10 जबकि राकेश रंजन को बीसैप-5 का डीएसपी नियुक्त किया गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि अपराध नियंत्रण में किसी प्रकार की कोताही न हो। उन्होंने आला अधिकारियों को इस मामले में अतिरिक्त सतर्कता बरतने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री शनिवार को एक अणे मार्ग स्थित संकल्प में मद्य निषेध तथा विधि व्यवस्था की उचस्तरीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में पुलिस महानिदेशक और मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अद्यतन विधि व्यवस्था एवं शराबबंदी को बेहतर ढंग से लागू करने को लेकर किये जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।




विधि व्यवस्था की समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि अपराध नियंत्रण के लिये पूरी तरह सतर्क और सक्रिय रहें। पुलिस गश्ती में किसी प्रकार की कोताही नहीं हो। पर्व-त्योहारों को देखते हुए असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखें।

मद्य निषेध की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मद्य निषेध को प्रभावी ढंग से लागू करने करने के लिये समुचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि शराबबंदी के पूर्व लोग शराब पीकर अपनी सारी कमाई उड़ा देते थे, आज वही पैसा दूसरे काम में लग रहा है। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। समाज में शांति और भाईचारे का माहौल बना है। शराबबंदी से पुरुष और महिलाएं दोनों खुश हैं।

## बंगाल से जमुई लाया जा रहा था तेल का टैंकर पुलिस ने डुमरी चेक पोस्ट पर रुकवाया

बिहार में जमुई जिले के सोनो थाना क्षेत्र से उत्पाद विभाग की पुलिस ने रविवार को तेल टैंकर से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। उत्पाद अधीक्षक सुभाष कुमार ने बताया कि होली पर्व को देखते हुए सभी चेक पोस्टों पर लगातार जांच की जा रही है। सूचना मिली थी कि तेल के टैंकर में शराब की खेप छिपाकर लायी जा रही है। पुलिस ने डुमरी चेक पोस्ट के आगे एक पेट्रोल तेल टैंकर को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान तेल टैंकर से भारी मात्रा में विदेशी शराब और बीयर बरामद की गयी है। कुमार ने बताया कि बरामद शराब की कीमत करीब 14 लाख रुपये है। शराब की खेप बंगाल से जमुई लाई जा रही थी। इस सिलसिले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है,

### पार्किंग विवाद में चली गोलियां

## एक गंभीर रूप से घायल, इलाके में फैली सनसनी

**गोपालगंज**, गोपालगंज जिले के मीरगंज नगर में पार्किंग के मामूली विवाद को लेकर सुबह-सुबह कई राउंड फायरिंग हुई। इस गोलीबारी में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। इन्हें तत्काल इलाज के लिए हथुआ अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद से स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया है। घटना गोपालगंज जिले के मीरगंज नगर परिषद के वार्ड नंबर 21 की बताई जा रही है। घायल



व्यक्ति का नाम दिग्विजय सिंह कुशवाहा है। वह मीरगंज के वार्ड नंबर 15 निवासी सुरेंद्र सिंह का पुत्र हैं।

**खाली जगह में पार्किंग को लेकर विवाद हुआ**

बताया जाता है कि शनिवार देर रात मीरगंज शहर के वार्ड नंबर 21 पुरानी टोला में शंभू तुरहा के बेटे बिट्टू का तिलक समारोह था। इसी तिलक समारोह में दिग्विजय सिंह भी शामिल होने आए थे। रविवार को तड़के करीब चार बजे तिलक समारोह के बगल में खाली जगह में पार्किंग को लेकर विवाद हुआ। इसी विवाद को लेकर दो पक्षों में विवाद और बढ़ गया। विवाद के बाद मौके पर कई राउंड फायरिंग हुई। पड़ोसी युवक के ऊपर ही गोलीबारी करने का आरोप है।

**कार सवार को गोली उसके मुंह में लगी**

इस गोलीबारी में कई लोगों के घायल होने की खबर है। बताया जा रहा है कि एक कार सवार को गोली उसके मुंह में लगी है। जबकि एक अन्य व्यक्ति भी मामूली रूप से जख्मी हो गया है। दोनों घायलों को हथुआ अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है। गोलीबारी की सूचना मिलते ही पूरे शहर में सनसनी फैल गई। वहीं सूचना पर मौके पर मीरगंज पुलिस भी पहुंच गई है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। वहीं इस मामले में हथुआ एसडीपीओ आनंद मोहन गुप्ता ने बताया कि मीरगंज पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। वहीं मौके से दो खोखा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है।